**इलेक्ट्रॉनिक संचार के लिए सहमति ("ई-हस्ताक्षर अनुबंध")**

ग्लोबल एंड नेशनल कॉमर्स एक्ट ("एक्ट") में संघीय इलेक्ट्रॉनिक हस्ताक्षर ("ई-हस्ताक्षर") द्वारा नीचे दिया गया प्रकटीकरण ज़रूरी किया गया है. इससे पहले कि Remitly आपका Remitly अकाउंट (या किसी अधिकृत यूज़र के लिए सबअकाउंट) खोल सके और कोई संबंधित सेवा दे सके, आपको यह स्वीकार करना होगा कि आपको ये प्रकटीकरण मिल गए हैं. साथ ही, आपको यह स्वीकार करना होगा कि आपने अपने अकाउंट (नीचे परिभाषित किया गया है) और हमारे द्वारा आपको ऑफ़र किए गए किसी भी संबंधित उत्पाद या सेवा के संबंध में प्रकटीकरणों को पढ़ लिया है और सभी तरह के संचार की इलेक्ट्रॉनिक डिलीवरी से सहमत हैं.

**इस नोटिस में महत्वपूर्ण जानकारी दी गई है, जिसमें बताया गया है कि आप अपने Remitly मनी ट्रांसफर अकाउंट और Remitly Inc. ("उत्पाद") द्वारा और उसके माध्यम से प्रदान किए जाने वाले किसी भी संबद्ध उत्पाद और सेवा के संबंध में इलेक्ट्रॉनिक रिकॉर्ड और इलेक्ट्रॉनिक हस्ताक्षर के लिए सहमति देने से पहले, उसे प्राप्त करने के/की हकदार हैं. कृपया इस नोटिस को ध्यानपूर्वक पढ़ें और इसे सेव करके अपने पास रखने के लिए, इसकी एक कॉपी प्रिंट या डाउनलोड कर लें.**

इलेक्ट्रॉनिक संचार का यह अनुबंध (ई-हस्ताक्षर अनुबंध") Remitly Inc. द्वारा या उसके माध्यम से प्रदान किए जाने वाले किसी भी उत्पाद और सेवा ("सेवाएं") से संबंधित सभी संचारों पर लागू होता है, जिसमें किसी भी Remitly मोबाइल ऐप्लिकेशन ("मोबाइल ऐप") के माध्यम से उपलब्ध संचार भी शामिल हैं. सेवाओं का इस्तेमाल ऐसे लोग और कारोबार कर सकते हैं, जो (i) कानून द्वारा अनुमत सीमा तक विशेष रूप से इलेक्ट्रॉनिक माध्यमों से हमसे नोटिस और संचार प्राप्त करने के इच्छुक और सक्षम हैं और (ii) उन संचारों के संबंध में इलेक्ट्रॉनिक हस्ताक्षर प्रदान करने के इच्छुक और सक्षम हैं. अगर आप इस बात से सहमत नहीं हैं कि हम आपको यहां वर्णित कानूनी रूप से आवश्यक नोटिस और संचार को इलेक्ट्रॉनिक तौर पर भेजें, न ही कागज़ के रूप में, तो आप हमारे साथ अकाउंट नहीं खोल सकते/सकतीं या सेवाओं का उपयोग नहीं कर सकते/सकतीं. इसी तरह, ई-हस्ताक्षर अनुबंध के लिए अपनी सहमति देने के बाद अगर आप ऐसी कोई सहमति वापस लेना चाहते/चाहती हैं, तो हमारे पास आपके अकाउंट और नीचे दी गई सेवाओं के लिए आपके ऐक्सेस को पूरी तरह समाप्त करने का अधिकार सुरक्षित होगा. "अकाउंट" का मतलब ऐसी प्रोफ़ाइल से है, जिसे हमारी सेवाओं के लिए सेट अप किया जाता है और आप इन सेवाओं को अपने मोबाइल ऐप से या ऑनलाइन ऐक्सेस कर सकते/सकती हैं. “ऐक्सेस डिवाइस” का मतलब ऐसे किसी भी इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस से है, जिसका इस्तेमाल आप मोबाइल या ऑनलाइन सेवाओं को ऐक्सेस करने के लिए या इलेक्ट्रॉनिक दस्तावेज़ देखने के लिए करते/करती हैं. इसमें टैबलेट, कंप्यूटर या स्मार्टफ़ोन जैसे मोबाइल डिवाइस शामिल तो हैं, लेकिन यह इन्हीं तक सीमित नहीं है. “संचार” के दायरे में ग्राहक (या अधिकृत यूज़र) के साथ कोई भी अनुबंध या संशोधन, प्रकटीकरण, नोटिस, दावों पर जवाब, समय-समय पर दिया जाने वाला ब्यौरा, त्रुटि के समाधान का नोटिस, निजता नीति, इस्तेमाल की स्वीकार्य नीति और ऐसी सभी जानकारियां आती हैं, जिनका संबंध सेवाओं या मोबाइल

ऐप से है. साथ ही, कानूनी रूप से यह ज़रूरी है कि हम ऐसी जानकारी आपको लिखित तौर पर मुहैया कराएं. “Remitly” को Remitly, Inc. और इसके हर एजेंट, अधिकृत प्रतिनिधि, उत्तराधिकारी और कार्यभार सौंपे गए व्यक्ति के तौर पर समझा जाना चाहिए. "आप" और "आपका" से मतलब आपकी अकाउंट प्रोफ़ाइल में पहचाने गए व्यक्ति और अन्य अधिकृत यूज़र(यूज़र्स) से है. "हम", "हमें" और "हमारा" का मतलब Remitly से है.

**किए जाने वाले संचार का दायरा इलेक्ट्रॉनिक प्रारूप में होगा.** आप इस बात से सहमत हैं कि हम आपको कागज़ी संचार भेजने के बजाय, कानून द्वारा अनुमत सीमा तक इलेक्ट्रॉनिक प्रारूप में कोई भी संचार भेज सकते हैं. इलेक्ट्रॉनिक संचार और ट्रांजेक्शन पाने के लिए आपकी सहमति में ये चीज़ें शामिल हैं, लेकिन ये इन्हीं तक सीमित नहीं हैं:

- सेवाओं और किसी भी संबंधित उत्पादों और सेवाओं से जुड़े सभी कानूनी और विनियामक प्रकटीकरण और संचार;
- यह अनुबंध और उत्पादों की शर्तों में बदलाव या इस अनुबंध की किसी भी अन्य शर्त के बारे में कोई नोटिस;
- निजता नीति और नोटिस;
- त्रुटि के समाधान का नोटिस;
- भुगतान को अधिकृत करना और ट्रांजेक्शन की रसीद या पुष्टि;
- उत्पादों के संबंध में दायर किए गए दावों पर जवाब
- समय-समय पर दिया जाने वाला कोई भी प्रासंगिक ब्यौरा; और
- हमारे (या हमारे सेवा प्रदाताओं) और आपके बीच उत्पादों और किसी भी संबंधित ट्रांजेक्शन या सेवाओं से संबंधित अन्य सभी संचार.

इसके अलावा, आप किसी भी वेबसाइट पर, किसी भी वेब ब्राउज़र के माध्यम से या किसी भी सॉफ़्टवेयर ऐप्लिकेशन (मोबाइल ऐप सहित) में हमारे द्वारा दिखाए गए संचार को प्राप्त करने, देखने और इलेक्ट्रॉनिक रूप से हस्ताक्षर करने के लिए अपनी स्पष्ट सहमति देते/देती हैं. आप सहमति देते/देती हैं कि हम आपके बताए ईमेल पते पर जो संचार भेजते हैं, उनमें शामिल संवाद ईमेल संदेश में प्रदर्शित हो सकते हैं, उसके साथ संलग्न हो सकते हैं या संदेश में दिए गए लिंक पर क्लिक करने पर प्रदर्शित हो सकते हैं. किसी संचार के आपके कंप्यूटर या आपके मोबाइल या हैंडहेल्ड डिवाइस पर इलेक्ट्रॉनिक रूप से प्रदर्शित होने पर आप इस बात से सहमत हैं कि संचार के लिए आपके इलेक्ट्रॉनिक हस्ताक्षर में प्रदर्शित होने वाले बटनों पर क्लिक करना, प्रदर्शित होने वाले बॉक्सों को चुनना, निर्दिष्ट फ़ील्ड में अपना नाम टाइप करना या अन्यथा फ़ील्ड के लिए इलेक्ट्रॉनिक हस्ताक्षर की कॉपी का चयन करना, आपके निर्दिष्ट ईमेल

पते पर भेजे गए संदेश का ईमेल के ज़रिए ज़वाब भेजना या बताई गईं अन्य स्वीकारात्मक कार्रवाइयां करना शामिल हो सकता है. इलेक्ट्रॉनिक संचार और हस्ताक्षर के हमारे उपयोग के लिए आपकी सहमति तब तक प्रभावी रहेगी, जब तक कि आप नीचे बताए गए तरीके से इसे वापस नहीं ले लेते/लेतीं.

**आपके साथ किए जाने वाले संचार का तरीका इलेक्ट्रॉनिक प्रारूप में होगा.** हमारे द्वारा आपके साथ इलेक्ट्रॉनिक प्रारूप में किए जाने वाले सभी संचार या तो (1) Remitly की वेबसाइट पर पोस्ट करके, (2) ई-मेल द्वारा, (3) मोबाइल ऐप के माध्यम से या (4) अगर आपने SMS टेक्स्ट संदेश के माध्यम से संचार प्राप्त करने का विकल्प चुनकर अपनी सहमति दी है, तो SMS टेक्स्ट संदेश के माध्यम से किए जाएंगे. आपके द्वारा उत्पादों के उपयोग से जुड़ा कोई संचार उपलब्ध होने पर आपको सूचित किया जाएगा. संचार के लिए नियमित रूप से इन स्रोतों की जांच करने और इस ई-हस्ताक्षर अनुबंध के किसी भी अपडेट की समीक्षा करने की ज़िम्मेदारी आपकी है.

**सहमति वापस लेने का तरीका.** आप इलेक्ट्रॉनिक संचार प्राप्त करने की अपनी सहमति को किसी भी समय वापस ले सकते/सकती हैं. इसके लिए बस आपको हमें यहां डाक भेजकर सूचित करना होगा:

Remitly, Inc.<br /> **Attention: Customer Success** <br /> 401 Union Street, Suite 1000 <br /> Seattle, WA 98101

**इलेक्ट्रॉनिक संचार प्राप्त करने की अपनी सहमति वापस लेने पर हम सेवाओं के आपके ऐक्सेस को प्रतिबंधित या पूरी तरह समाप्त करने का अधिकार सुरक्षित रखते हैं.** अगर इसकी वजह से आपका अकाउंट बंद हो जाता है, तब भी आपको सभी बकाया फ़ंड का भुगतान करना होगा और हम खाते के मालिक को अकाउंट में बची किसी भी बैलेंस राशि के लिए डाक से रिफ़ंड चेक भेजेंगे. अपनी सहमति वापस लेने पर इलेक्ट्रॉनिक प्रारूप में पहले भेजे गए संचार की कानूनी वैधता और लागू होने की क्षमता प्रभावित नहीं होगी.

**अपना रिकॉर्ड कैसे अपडेट करें.** इस ई-हस्ताक्षर अनुबंध और अपनी Remitly प्रोफ़ाइल से संबंधित एक सही, सटीक और पूरा ई-मेल पता, संपर्क और अन्य जानकारी देने और इस जानकारी को बनाए रखने के साथ-साथ किसी भी बदलाव को तुरंत अपडेट करने की ज़िम्मेदारी आपकी है. आप हमें 1-888-736-4859 पर कॉल करके या मोबाइल ऐप में अपनी संपर्क जानकारी अपडेट करके विवरण (जैसे, आपका ई-मेल पता) अपडेट कर सकते/सकती हैं. अगर हम आपके द्वारा पिछली बार अपडेट किए गए ईमेल पते पर संचार भेजते हैं और आपको संचार मिलने में देरी होती है या संचार नहीं मिलता है, तो इसके लिए हम ज़िम्मेदार नहीं होंगे.

आपके द्वारा स्पैम फ़िल्टर का उपयोग करने पर, जो आपके ईमेल की एड्रेस बुक में लिस्ट नहीं किए गए सेंडर के ईमेल को ब्लॉक या री-रूट करता है, संचार प्राप्त करने की आपकी क्षमता प्रभावित हो सकती है. इसलिए, आपको हमें अपनी ईमेल एड्रेस बुक में जोड़ना होगा, ताकि हम जो संचार भेजें, वे आपको मिल सकें.

**किसी मोबाइल डिवाइस पर सेवाओं और इलेक्ट्रॉनिक दस्तावेज़ों को ऐक्सेस करने के लिए, आपको इनकी ज़रूरत पड़ेगी:**

- iOS वर्ज़न 8.0 या उससे ऊपर के वर्ज़न अथवा Android वर्ज़न 4.1 या उससे ऊपर के वर्ज़न पर चलने वाले मोबाइल डिवाइस;
- पोर्टेबल डॉक्यूमेंट फ़ॉर्मेट (PDF) वाली फ़ाइलों को देखने और बनाए रखने की क्षमता;
- किसी ईमेल सेवा प्रदाता के साथ एक ऐक्टिव ईमेल अकाउंट का ऐक्सेस; और
- कोई प्रिंटर, हार्ड ड्राइव या अन्य स्टोरेज डिवाइस.

हार्डवेयर या सॉफ़्टवेयर को लेकर हमारी ज़रूरतों के बदलने पर और इस बात को लेकर कि वह बदलाव ऐसा कोई अहम जोखिम तो पैदा नहीं करता है, जिसकी वजह से आप अपने इलेक्ट्रॉनिक दस्तावेज़ों का ऐक्सेस करने या उन्हें बनाए रखने में सक्षम नहीं हो पाएंगे/पाएंगी, हम आपको सूचित करेंगे. बदलाव किए जाने की सूचना प्राप्त करने के बाद उत्पादों और संबंधित सेवाओं का उपयोग जारी रखने का मतलब होगा कि आपने इस ई-हस्ताक्षर अनुबंध के लिए अपनी सहमति बरकरार रखी है और यह इस बात का प्रतिनिधित्व करता है कि आपके पास ऊपर बताए गए हार्डवेयर, सॉफ़्टवेयर, ईमेल पता और क्षमताएं हैं.

**कागज़ी संचार के लिए अनुरोध.**

आपके द्वारा इलेक्ट्रॉनिक रूप से संचार प्राप्त करने के लिए सहमति देने के बाद, अगर आप हमारे द्वारा आपको पहले उपलब्ध कराए गए संचार की एक पेपर कॉपी प्राप्त करना चाहते/चाहती हैं, तो हमसे ATTN: Customer Service 401 Union Street, Suite 1000, Seattle, WA 98101 पर संपर्क करके इसका अनुरोध कर सकते/सकती हैं. हम आपको अमेरिकी डाक से एक पेपर कॉपी भेजेंगे. अनुरोध किए गए संचार की पेपर कॉपी के लिए कोई शुल्क नहीं लिया जाता. किसी भी संचार की पेपर कॉपी के लिए अनुरोध करने का यह कतई मतलब नहीं निकाला जाएगा कि आप इलेक्ट्रॉनिक रूप से संचार प्राप्त करने की अपनी सहमति वापस ले रहे/रही हैं.

**लिखित संचार.** आप किसी भी और सभी कानूनों, नियमों और विनियमों के उद्देश्य से हमारे द्वारा भेजे गए इलेक्ट्रॉनिक संचार को तर्कसंगत और उचित नोटिस के रूप में स्वीकार करते/करती हैं और इस बात से सहमत हैं कि इस तरह के संचार का इलेक्ट्रॉनिक प्रारूप "लिखित" या ऐसे किसी भी प्रारूप में जिसे आप रख सकते/सकती हैं, की सभी आवश्यकताओं को हर तरह से पूरा करता है.

**संघीय कानून.** आप इस बात को स्वीकार करते/करती और मानते/मानती हैं कि इलेक्ट्रॉनिक संचार के लिए आपकी सहमति अंतरराज्यीय कारोबार को प्रभावित करने वाले ट्रांजेक्शन के संबंध में दी जा रही है, जो अधिनियम के अधीन है और यह कि आप और हम दोनों चाहते हैं कि अधिनियम इलेक्ट्रॉनिक माध्यमों से आपके साथ व्यापार करने की हमारी क्षमता को मान्य करने के लिए यथासंभव पूरी तरह से लागू हो.

**सेवा की समाप्ति/बदलाव.** हम अपने विवेकाधिकार में, आपके साथ इलेक्ट्रॉनिक संचार के प्रावधान को बंद करने या उन नियमों और शर्तों को समाप्त करने या बदलने का अधिकार सुरक्षित रखते हैं, जिन पर हम इलेक्ट्रॉनिक संचार भेजते हैं. कानूनी रूप से ज़रूरी होने पर हम आपको ऐसी किसी भी सेवा-समाप्ति या बदलाव की सूचना देंगे.

**सहमति.** ऐप में या ऑनलाइन बॉक्स पर क्लिक करके या उस पर सही का निशान लगाकर, आप सही के निशान या चिह्न को अपने इलेक्ट्रॉनिक हस्ताक्षर के रूप में अपनाते/अपनाती हैं और स्वीकार करते/करती हैं कि आपको ई-हस्ताक्षर अनुबंध मिल गया है. साथ ही, आगे यह भी स्वीकार करते/करती हैं कि आपने ई-हस्ताक्षर अनुबंध पढ़ लिया है; आप उत्पादों और किसी भी संबंधित सेवाओं के आपके उपयोग के संबंध में किसी भी और सभी संचारों की इलेक्ट्रॉनिक रसीद के लिए सकारात्मक रूप से सहमति देते/देती हैं और पुष्टि करते/करती हैं कि आप ऊपर बताए गए तरीके से इलेक्ट्रॉनिक संचार प्राप्त करने और उसकी समीक्षा करने में सक्षम हैं. इसके अलावा, आप इस बात के लिए भी सहमति जताते/जताती हैं कि आपका ऐक्सेस डिवाइस ऊपर निर्दिष्ट हार्डवेयर और सॉफ़्टवेयर की शर्तों को पूरा करता है और आपने हमें एक मौजूदा ई-मेल पता दिया है, जिस पर हम आपको इलेक्ट्रॉनिक संचार भेज सकते हैं.

पिछली बार अपडेट किए जाने की तारीख: 8 नवंबर, 2024